माता गाथा | By Kumar Vishu |

नौ देवियों के लेके
माँ दुर्गा चली आना
नवरात्रों के नौ दिन
दर्शन हमें दिखाना
नवरात्रों के नौ दिन
दर्शन हमें दिखाना
अम्बे माँ जय हो शेरावाली माँ
अम्बे माँ जय हो शेरावाली माँ

नौ देवियों को आओ
दर्शन तुम्हें कराएँ
मैया के न्यारे न्यारे
स्वरूप हम दिखाएँ
ये शैलपुत्री माता है
बैल पर सवार
पहले ही नवरात्रे में
पूजे जिन्हें संसार
पूजे जिन्हें संसार
पूजे जिन्हें संसार
अम्बे माँ बोलो
जय जय वैष्णो माँ
अम्बे माँ जय हो
शेरावाली माँ

ये पूजा रूप देखो
ब्रह्मचारिणी माता है
जो माँ के द्वारे आए
खाली नहीं जाता है
ये चंद्रमौली शिव की
अर्धांगिनी है माँ
भक्तों की लाज रखे
मनभावनी है माँ
मनभावनी है माँ
मनभावनी है माँ
अम्बे माँ बोलो
जय जय वैष्णो माँ
अम्बे माँ जय हो
शेरावाली माँ

ये चंद्रघंटा माँ का
सुंदर स्वरूप देखो
ये आदि शक्ति दुर्गे का
तीजा रूप देखो
माथे पे घंटे जैसा
निशान देख लो तुम
चमकीले रूप वाली की
महिमा जान लो तुम

हाँ महिमा जान लो तुम
महिमा जान लो तुम
अम्बे माँ बोलो
जय जय वैष्णो माँ
अम्बे माँ जय हो
शेरावाली माँ

फिर कुष्मांडा देवी का
दर्शन कराता हूँ
मैं चौथे नवरात्रे का
तुम्हें ध्यान दिलाता हूँ
स्कंद माँ का पाँचवाँ
है रूप बड़ा प्यारा
मैया का बड़ा पावन है
देख लो ये द्वारा
है देख लो ये द्वारा
हाँ देख लो द्वारा
अम्बे माँ बोलो
जय जय वैष्णो माँ
अम्बे माँ जय हो
शेरावाली माँ

ये छठवाँ रूप भक्तों
है कात्यायनी माता
भक्तों के दुखड़े हरती है
मोक्ष दायिनी माता
फिर कालरात्रि मैया का
रूप देख लो तुम
इस रूप सात में से
मुरादें माँग लो तुम
मुरादें माँग लो तुम
मुरादें माँग लो तुम
अम्बे माँ बोलो
जय जय वैष्णो माँ
अम्बे माँ जय हो
शेरावाली माँ

फिर रूप आठवाँ ये
माँ गौरी का बताऊँ
करे बैल की सवारी
शोभा मैया की दिखाऊँ
अंतिम सिद्धिदात्री का
नौवाँ रूप है
लगते हैं प्यारे मैया के
नौ स्वरूप हैं
माँ के स्वरूप हैं
ये नौ स्वरूप हैं
अम्बे माँ बोलो
जय जय वैष्णो माँ
अम्बे माँ जय हो

शेरावाली माँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%a5%e0%a4%be-by-kumar-vishu/